<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में कहा– पूरे विश्व ने महाकुंभ के रुप में भारत के विराट स्वरुप के किए दर्शन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रदेश में राजस्व संग्रह की समीक्षा। कहा– व्यापारियों से संवाद बनाकर राजस्व संग्रह के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हों प्रयास।
- मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा भारत निर्वाचन आयोग।
- आज से शुरू हो रहा है यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दो अप्रैल तक जांची जाएंगी कॉपियां।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लोकसभा में कहा कि पूरे विश्व ने महाकुंभ के रुप में भारत के विराट स्वरुप के दर्शन किए हैं। श्री मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ को एकता का अमृत बताया।

**महाकुंभ से अनेक अमृत निकले एकता का अमृत निकला बहत पवित्र प्रसार है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश के हर क्षेत्र क्षेत्र से, हर कोने से आये लोग एक हो गये लोग अहम त्याग कर वैराग्य भाव ले मैं नहीं हम की भावना से प्रयागराज से जुड़े अलग–अलग राज्यों से लोग आकर पवित्र त्रिवेणी का हिस्सा बने, जब अलग–अलग क्षेत्रों से आये, करोड़ों करोड़ों लोग राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती देते है तो देश की एकता बढ़ती है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है। श्री मोदी ने बताया कि पिछले दिनों उनकी मॉरिशस यात्रा के दौरान महाकुंभ का जल गंगा तालाब में समर्पित किया गया था।

**मैं मॉरीशस में था। मैं त्रिवेणी से, प्रयागराज से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया तो वहां जो श्रद्धा का, आस्था का, उत्सव का, माहौल था, वह देखते ही बनता था। यह दिखाता है कि आज हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों को आत्मसात करने की उन्हें सेलिब्रेट करने की भावना कितनी प्रबल हो रही है।**

जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने भारत की क्षमता के बारे में कुछ लोगों में संदेह को दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने देशवासियों को बहुत प्रेरणा दी है क्योंकि इसका नेतृत्व स्वयं लोगों ने किया था। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ आयोजन के लिए सरकार, इसमें शामिल सभी कर्मचारियों और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदन में रखे गये विचारों को लेकर आभार जताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री के उद्बोधन का वीडियो साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन किया ।

**********

लोकसभा और भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई मिशन ने कल नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर श्री वैष्णव ने कहा कि लोकसभा के लिए एआई कोष नामक एक डेटा सेट बनाया जाएगा।

**लोकसभा के बहुत विस्तृत डिबेट्स हैं इसको एआई के साथ उपयोग करके जो एक एआई कोर्स के नाम से डाटा सेट बनाया जा रहा है, उसमें उपयोग किया जाएगा। जिससे कि कोई भी डिबेट हमारे देश के जो रिसर्च करने वाले हैं, माननीय सांसद है, जो एकेडमियां हैं, उनको हमारे लोकसभा के विस्तृत डिबेट्स का किसी भी भाषा में ट्रांसलेशन मिलने की एक सुविधा पैदा होगी।**

**********

रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां दी हैं और एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए कल यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में दो हजार बीस से यात्री किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी के आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से संवाद बनाकर टीम भावना के साथ राजस्व संग्रह के लिए तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं।

श्री योगी ने कहा कि वाणिज्य कर अधिकारी से लेकर ज्वाइंट कमिश्नर स्तर तक के अधिकारियों के कार्य एवं संग्रह की समीक्षा की जाए। राजस्व संग्रह की खंडवार आ रही अनियमितता को दूर किया जाए। अधिकारियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी ग्रेडिंग करें और उसी के अनुरूप उनकी पदोन्नति व पोस्टिंग की जाए।

**********

निर्वाचन आयोग मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के संबंध में तकनीकी परामर्श शुरू करेगा। यह निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गृह मंत्रालय, विधायी विभाग के सचिवों और यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ कल नई दिल्ली में आयोजित बैठक के दौरान लिया। आयोग ने बताया कि तकनीकी परामर्श भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच होगा।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल कुशीनगर जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी किट, भू पट्टा, एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी योजना का टूल किट, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, सफाईकर्मियों को स्वच्छता किट एवं पात्र लाभार्थियों को टैबलेट और आयुष्मान कार्ड वितरित किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और कलक्ट्रेट परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की राज्यपाल ने सराहना की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का इलाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता में शामिल है।

**परिवारजनों को भी हमारे प्रधानमंत्री जी ने एक योजना नई शुरू की है उनको भी ढूंढ–ढूंढ कर और उनको भी 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड देना चाहिये कोई बाकी नहीं रहना चाहिये। कोई पैसे के अभाव में परेशान न हो, ये आप देखते रहिये ओर उसको ये कार्ड देते रहिये।**

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कल लखनऊ में कृषि विभाग की बैठक हुई। बैठक में जायद सीजन की 9 फसलों को फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड– केसीसी के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया।

कृषि मंत्री ने कहा कि मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, पपीता, लीची, तरबूज, खरबूज समेत आंवला को भी बीमा के दायरे में लाने से किसानों की फसलों को खराब मौसम व अन्य संभावित नुकसान से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ढैंचा बीज तथा जिप्सम सप्लाई की समुचित व्यवस्था पहले से करने के निर्देश भी दिए।

**********

प्रदेश सरकार ने कल राज्य के बासठ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के तकनीकी उन्नयन के लिये टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के साथ अनुबंध किया। लखनऊ के आईटीआई परिसर में आयोजित फेज दो के अनुबंध कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अनुबंध से प्रदेश के युवा लाभान्वित होंगे।

**युवाओं में स्किल होंगे उनके हाथ में हुनर होगा वह टेक्निकली अवेयर होंगे और जिस प्रकार से 35 लाख रुपये के ओएमयू उत्तर प्रदेश के अन्दर हुए है उनके अंदर ही जो हमारे युवा है इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप हम लोग प्रशिक्षित करने का काम करेंगे तो निश्चित रूप से लगभग एक करोड़ युवाओं को हम रोजगार दे सकेंगे।**

**********

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन आज से शुरु हो रहा है। मूल्यांकन संबंधी सभी केंद्रों पर वॉइस रिकॉर्डर वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक सहित अन्य लोगों के मोबाइल लें जाने पर प्रतिबंध है। कॉपियों का मूल्यांकन दो अप्रैल तक चलेगा। वहीं, प्रदेश भर में बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से परीक्षाएं चौबीस से अट्ठाइस मार्च तक आयोजित होंगी।

**********

फिरोजाबाद जिले के दिहुली गांव में करीब 44 वर्षों पहले हुए 22 लोगों के नरसंहार के मामले में न्यायालय ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह के न्यायालय ने आरोपियों को फांसी की सजा सुनाने के साथ ही एक एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया। इस नरसंहार में 20 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें से 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चार अभी भी फरार है।

**********

वाराणसी में होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार पर कल परम्परागत बुढ़वा मंगल का उत्सव मनाया गया। काशी के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता रहा है। इसी के साथ वाराणसी में रंगभरी एकादशी से शुरु हुआ होली पर्व भी कल समाप्त हो गया।

**********